दैनिक भास्कर
जयपुर 14-08-2025

बिहार एसआईआर • याचियों ने कहा- आयोग के आदेश का कोई आधार नहीं

वोटर लिस्ट स्थिर नहीं रह सकती, इसमें संशोधन जरूरी: सुप्रीम कोर्ट

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को भी सुनवाई हुई। इसे चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा, मतदाता सूची 'स्थिर' नहीं रह सकती। संशोधन जरूरी है। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं के इस तर्क से भी असहमति जताई कि चुनाव से ठीक पहले बिहार में हो रही इस प्रक्रिया का कानूनी आधार नहीं है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ गुरुवार को भी इस पर सुनवाई करेगी।

याचिकाकर्ता एनजीओ एडीआर की ओर से पेश वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन ने कहा, एसआईआर की अधिसूचना का कानूनी आधार नहीं है। यह पहली बार हो रहा है। इस पर पीठ ने कहा, मृतकों, पलायन कर चुके या अन्य निर्वाचन क्षेत्रों में गए लोगों के नाम हटाने के लिए संशोधन जरूरी है। आयोग के पास ऐसा करने की शक्ति है। इस पर शंकरनारायणन ने कहा, यह प्रावधान किसी निर्वाचन क्षेत्र या उसके हिस्से के पुनरीक्षण की अनुमति देता है, पूरे राज्य की सूची हटाकर नई सूची बनाने की नहीं। इस पर जस्टिस बागची ने कहा, 'असल में यह संवैधानिक अधिकार और संवैधानिक शक्ति के बीच की लड़ाई है।' पीठ ने कहा- आयोग की अवशिष्ट शक्ति संविधान के अनुच्छेद 324 से निकलती है। जन प्रतिनिधित्व एक्ट में सारांश पुनरीक्षण और विशेष पुनरीक्षण का उल्लेख है। आयोग ने सिर्फ गहन शब्द जोड़ा है।

• राहुल की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद सर्च हटाया

एडीआर के वकील प्रशांत भूषण ने कहा, कांग्रेस नेता राहुल गांधी की प्रेस कॉन्फ्रेंस के अगले ही दिन आयोग ने ड्राफ्ट रोल से सर्च फीचर और 65 लाख लोगों की सूची हटा दी, जिनके नाम हटाए गए थे। इस पर जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, हमें ऐसी किसी प्रेस कॉन्फ्रेंस की जानकारी नहीं है। कानूनन आयोग को निर्वाचन क्षेत्र के कार्यालय में ड्राफ्ट रोल प्रकाशित करना जरूरी है।

शेष | पेज 4

मृत लोगों के साथ चाय... धन्यवाद आयोग: राहुल

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक वीडियो शेयर कर लिखा, 'जीवन में बहुत दिलचस्प अनुभव हुए, कभी मृत लोगों के साथ चाय पीने का मौका नहीं मिला था। इस अनुभव के लिए, धन्यवाद चुनाव आयोग।' राहुल ऐसे लोगों से मिले जिनके नाम मृत बताकर वोटर लिस्ट से हटाए गए हैं।

कांग्रेस का नारा- करो या मरो, देशभर में आंदोलन तेज करेंगे...

कांग्रेस ने कथित 'वोट चोरी' के खिलाफ वीडियो जारी किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संवैधानिक संस्थाओं को भाजपा के चंगुल से मुक्त कराने के लिए आवाज उठाने की अपील की। कांग्रेस ने इसे 'करो या मरो' मुद्दा बताया है।

• 14 अगस्त को जिलों में 'लोकतंत्र बचाओ मशाल मार्च', 22 अगस्त से 7 सितंबर तक 'वोट चोर, गद्दी छोड़' रैली होगी। 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक हस्ताक्षर अभियान चलेगा।

अगर लिस्ट न सुधारी तो चुनाव बहिष्कार पर विचार: तेजस्वी

राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा, आयोग भाजपा के साथ वोट चोरी कर रहा है। मैं 17 अगस्त से राहुल गांधी की वोट अधिकार यात्रा में शामिल रहूंगा। इसके बाद विचार करेंगे कि चुनाव में हिस्सा लें या नहीं। आयोग ऐसे ही काम करता रहा, तो चुनाव बहिष्कार पर विचार करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

• वाईएसआर प्रमुख वाईएस जगन रेड्डी ने कहा- सबसे बड़ी गड़बड़ी आंध्र में हुई। 48 लाख वोट का अंतर था। पर राहुल इस पर नहीं बोले।

सोनिया भारतीय नागरिक बनने से पहले बनीं वोटर: भाजपा

• भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने आरोप लगाया, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी का नाम 1980 में तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी के पते पर वोटर लिस्ट में जुड़ा। तब वह इटली की नागरिक थीं। 1982 में नाम हटाया। 1983 में फिर जोड़ा। नागरिकता 30 अप्रैल 1983 को मिली।

• भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा, राहुल के नेतृत्व में कांग्रेस 90 चुनाव हार चुकी है। वो कभी ईवीएम पर कभी आयोग पर आरोप लगाते हैं। ठाकुर ने कहा, राहुल ने आरोप लगाया था कि महाराष्ट्र चुनाव के दौरान 5 बजे के बाद बहुत वोट बढ़े। जबकि 5 बजे से पहले, 58 लाख वोट प्रति घंटा पड़े और 5 बजे के बाद 32.5 लाख वोट प्रति घंटा पड़े। राहुल के आंकड़े और वो खुद झूठे हैं।' ठाकुर ने रायबरेली, वायनाड, डायमंड हार्बर और कन्नौज में वोटर लिस्ट में गड़बड़ी का आरोप लगाकर राहुल, प्रियंका गांधी, अभिषेक बनर्जी और अखिलेश यादव से इस्तीफा मांगा।

दैनिक नवज्योति jaipur city - 14 Aug 2025 - Page 16

वोटरलिस्ट अनियमितता मुद्दे पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने निकाला पैदल मार्च

प्रदेश की चार लोकसभा सीटों के परिणाम की जांच की मांग उठाई

ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर। चुनाव आयोग पर राहुल गांधी के खुलासे के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को पीसीसी मुख्यालय से शहीद स्मारक तक पैदल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। पीसीसी चीफ गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में पूर्व सीएम अशोक गहलोत, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट सहित कई विधायक, पीसीसी पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदर्शन में नेताओं ने भाजपा और चुनाव आयोग पर हमला बोलते हुए राजस्थान की कुछ लोकसभा सीटों के परिणामों की भी जांच की मांग उठाई।

कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता बुधवार सुबह पीसीसी मुख्यालय इकट्ठे हुए और शहीद स्मारक तक पैदल मार्च शुरू किया। मार्च के दौरान कांग्रेसजनों ने केन्द्र सरकार पर निशाना साधते हुए नारेबाजी की। नेताओं ने इसे आंदोलन की शुरुआत बताते हुए जिला, ब्लॉक और स्थानीय स्तर पर विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया। इस दौरान नेताओं ने जयपुर ग्रामीण, कोटा, बीकानेर और अलवर लोकसभा सीटों के परिणामों की भी जांच कराने की मांग उठाई।

अब होगा जिला मुख्यालयों पर विरोध: डोटासरा

पीसीसी चीफ गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि आज के प्रदर्शन के बाद गुरुवार शाम को सभी जिला मुख्यालय पर कांग्रेस कार्यकर्ता कैंडल मार्च निकालकर विरोध दर्ज कराएंगे। जिला और ब्लॉक स्तर पर भी आंदोलन करेंगे। कैंडल मार्च के बाद सभी जिलों में जन जागरण अभियान और हस्ताक्षर अभियान चलाए जाएंगे।

बिहार में 60 लाख वोट खत्म कर दिए: गहलोत

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि बिहार में 60 लाख वोट खत्म कर दिए और यह बताने को कोई तैयार नहीं है कि कितने वोट जोड़े। यहां रूस और चीन की तरह चुनाव आयोग के हालात बनाए जा रहे हैं।

सचिन पायलट ने तीन मुद्दे उठाए

कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने कहा कि हमने तीन प्रमुख मुद्दे उठाए हैं। चुनाव आयुक्त बदलने की प्रक्रिया में क्यों बदलाव किया गया। चीफ जस्टिस को प्रक्रिया से क्यों हटाया गया। हमें मांगने पर वोटरलिस्ट क्यों नहीं जा रही। चुनाव आयोग प्रमाण नष्ट करना चाह रहा है। राहुल गांधी ने चोरी पकड़ी तो आयोग कुछ नहीं बोल रहा और आयोग भाजपा के लिए बैटिंग कर रही है। आयोग पर सवाल उठाने पर जवाब की जगह नोटिस भेजते हैं। आयोग के चुप्पी साधने का मतलब दाल में कुछ काला है।

मरे हुए लोगों को जिंदा बता रहे: जूली

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि मरे हुए लोगों को जिंदा बता रहे हैं। भाजपा के लोगों को मान जाएंगे अगर वे राहुल गांधी के सबूतों का तथ्यों के साथ जवाब दें। ये वोट चोरी कर सरकार चला रहे हैं।

दैनिक नवज्योति jaipur city - 14 Aug 2025 - Page 2

मतदाता सूचियों में नियमित संशोधन जरूरी: सुप्रीम कोर्ट

चुनाव आयोग द्वारा दस्तावेजों की संख्या में वृद्धि 'मतदाता-हितैषी'

एजेंसी/नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि मतदाता सूचियों में नियमित तौर पर संशोधन होना चाहिए। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा कि एक बार की प्रक्रिया केवल सूची तैयार करने के लिए होती है, लेकिन नियमित आधार पर संशोधन प्रक्रिया होनी चाहिए। पीठ ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा दस्तावेजों की संख्या में वृद्धि 'मतदाता-हितैषी' है, न कि 'मतदाता-विरोधी।' पीठ ने याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं से कहा, ''उन दस्तावेजों की संख्या पर गौर करें जिनसे आप नागरिकता साबित कर सकते हैं।



मतदाता प्रस्तुत कर सकता है 11 दस्तावेज

पीठ ने कहा कि अब मतदाता द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले 11 दस्तावेज है। इससे पहले किए गए संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान में सिर्फ सात दस्तावेज जमा करने होते थे। इससे यह पता चलता है कि यह प्रक्रिया 'मतदाता-हितैषी' थी। हालांकि याचिकाकर्ताओं की दलील थी कि आधार को स्वीकार न करना मतदाता सूची से हटाने वाला कदम है, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि दस्तावेजों की बड़ी संख्या वास्तव में बेहतर थी।

आयोग ने मतदाताओं से अचानक नए दस्तावेज मांग लिए

शीर्ष अदालत में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि चुनाव आयोग ने आश्चर्यजनक रूप से आठ करोड़ मतदाताओं के लिए नए दस्तावेजों की आवश्यकता बतायी है। उन्होंने पूछा, भले ही मैं जेल में हूं, मुझे उचित प्रक्रिया के बिना मतदाता सूची से नहीं हटाया जा सकता। यहां, हटाए गए 65 लाख मतदाताओं को ऐसे किसी भी आधार पर अयोग्य नहीं ठहराया गया। चुनाव आयोग ने बड़े पैमाने पर लोगों के नाम हटाए हैं। चुनाव आयोग को ऐसा करने का अधिकार किसने दिया।

पंजाब केसरी
THU,14 AUGUST 2025
EDITION: JAIPUR, PAGE NO. 1

मतदाता अनुकूल है SIR : सुप्रीम कोर्ट

दस्तावेजों की संख्या सात से बढ़ाकर 11 की

नई दिल्ली, 13 अगस्त (एजैंसी) : सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि बिहार में पहले किए गए मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण में दस्तावेजों की संख्या सात थी और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में यह 11 है, जो दर्शाता है कि एसआईआर मतदाता अनुकूल है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने बिहार में एसआईआर आयोजित करने के निर्वाचन आयोग के 24 जून के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई फिर से शुरू की और कहा कि याचिकाकर्ताओं की इस दलील के बावजूद कि आधार को स्वीकार न करना अपवादात्मक था, ऐसा प्रतीत होता है कि दस्तावेजों की बड़ी संख्या 'वास्तव में समावेशी' थी।

पीठ ने कहा कि राज्य में पहले किए गए संक्षिप्त पुनरीक्षण में दस्तावेजों की संख्या 7 थी और एसआईआर में यह 11 है, जो दर्शाता है कि यह मतदाता अनुकूल है। शीर्ष अदालत ने कहा कि मतदाताओं को सूची में शामिल 11 दस्तावेजों में से कोई एक जमा करना आवश्यक है।

याचियों की ओर से दलील : संख्या ज्यादा मगर कवरेज कम

याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने असहमति जताई और कहा कि दस्तावेजों की संख्या भले ही अधिक हो, लेकिन उनका कवरेज कम है। मतदाताओं के पास पासपोर्ट की उपलब्धता का उदाहरण देते हुए, सिंघवी ने कहा कि बिहार में पासपोर्ट धारकों की संख्या एक से दो प्रतिशत है और राज्य में स्थायी निवासी प्रमाण पत्र देने का कोई प्रावधान नहीं है। अगर हम बिहार की आबादी के पास दस्तावेजों की उपलब्धता देखें, तो पता चलता है कि कवरेज बहुत कम है।

पीठ की टिप्पणी संख्या अच्छी

पीठ ने कहा कि राज्य में 36 लाख पासपोर्ट धारकों की संख्या अच्छी प्रतीत होती है। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि अधिकतम कवरेज सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न सरकारी विभागों से फीडबैक लेने के बाद आमतौर पर दस्तावेजों की सूची तैयार की जाती है।

पंजाब केसरी
THU,14 AUGUST 2025
EDITION: JAIPUR, PAGE NO. 1

पीसीसी से निकाला पैदल मार्च, कांग्रेस नेताओं ने भाजपा व आयोग पर किए तीखे प्रहार

हल्लाबोल

'वोट चोरी' को लेकर 1 माह तक देशभर में चलेगा आंदोलन

जयपुर, 13 अगस्त (वि.सं.) : राहुल गांधी ने वोट चोरी का जो संगीन आरोप भाजपा व चुनाव आयोग पर लगाया है उसके बाद देशभर में कांग्रेस सड़क पर उतर चुकी है। इसी कड़ी में राजधानी में बुधवार को कांग्रेस के बड़े चेहरों की मौजूदगी में हल्लाबोल कर भाजपा व चुनाव आयोग पर तीखे प्रहार कर आरोपों की झड़ी लगाई। पीसीसी से शहीद स्मारक तक पैदल मार्च निकालते हुए जमकर नारेबाजी की। दावा किया कि अगले 1 माह तक आंदोलन चलाएंगे और जनता को जोड़कर इसे जन आंदोलन में तब्दील कर देंगे।

विरोध

पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा की अगुवाई में तय समय से करीब ढाई-तीन घंटे बाद करीब दोपहर 12 बजे पैदल मार्च का आगाज हुआ। इस दौरान कांग्रेस ने भीड़ दिखाने के साथ ही अपने बड़े चेहरों को एक मंच पर एकत्रित कर एकजुटता का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर पूर्व सीएम अशोक गहलोत, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित अन्य नेताओं ने वोट चोर, गद्दी छोड़ जैसे नारे लगाकर भाजपा व आयोग पर प्रहार किया। कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए पीसीसी के बाहर व शहीद स्मारक पर भारी संख्या में जाब्ता तैनात किया गया था। इस अवसर पर पूर्व खेलमंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास, विधायक रफीक खान, अमीन कागजी सहित कई नेता मौजूद रहे।

कांग्रेस और आरएलपी कार्यकर्ता हुए आमने-सामने

पैदल मार्च के दौरान जब कांग्रेसी शहीद स्मारक पहुंचे तो वहां पहले से लगे एक पोस्टर को लेकर बहस छिड़ गई। यह पोस्टर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी नेता हनुमान बेनीवाल की ओर से सब इंस्पेक्टर भर्ती रद्द करने की मांग को लेकर लगाया गया था। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पोस्टर हटाने की कोशिश की तो वहां बैठे आरएलपी कार्यकर्ता विकास विधूड़ी और लादूराम ने इसका विरोध किया। इस मुद्दे पर दोनों पक्षों में नोकझोंक भी हुई, लेकिन पुलिस और वरिष्ठ नेताओं ने स्थिति को संभाल लिया।

हस्ताक्षर अभियान व कैंडल मार्च

पीसीसी चीफ डोटासरा ने मीडिया से कहा, पूरे देश सहित राजस्थान में अगले एक माह तक वोट चोरी को लेकर आंदोलन चलाया जाएगा। डोटासरा ने बताया कि सोशल मीडिया पर हमारा अभियान जारी है। वहीं, अब हस्ताक्षर अभियान और इसके बाद प्रदेश के हर जिले में कैंडल मार्च निकालेंगे।

राष्ट्रव्यापी आंदोलन

प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि राहुल गांधी ने पूरे सबूतों के साथ भाजपा व आयोग को एक्सपोज कर दिया है। अब आयोग के पास इसका जवाब नहीं है। वहीं, केंद्र सरकार मामले को दबाने में जुट गई है। इंडिया गठबंधन इस पूरे मामले में भाजपा व आयोग के खेल को जनता के बीच खोलकर रख देगा। यह विरोध-प्रदर्शन इंडिया गठबंधन की अगुवाई में हो रहा है।

नेताजी कहिन

पहली बार इस प्रकार की वोटर लिस्ट में गड़बड़ी हो रही है। चुनाव आयोग को जवाब देना चाहिए।

- अशोक गहलोत, पूर्व सीएम

शक दूर करने के लिए इलेक्शन कमीशन को कदम उठाना चाहिए। सरकार को आगे नहीं करना चाहिए।

- सचिन पायलट, पूर्व डिप्टी सीएम

पीएम नरेंद्र मोदी ने वोट चोरी से सत्ता हासिल की है। ये दोधारी तलवार चला रहे हैं। एक तरफ एसआईआर के नाम से विपक्ष के वोट काटे जा रहे हैं।

- गोविंद सिंह डोटासरा, पीसीसी चीफ

भाजपा ने फर्जीवाड़ा किया है। इस फर्जीवाड़े को राहुल गांधी सामने लेकर आए हैं। चुनाव आयोग को इसके संबंध में जवाब देना चाहिए।

- टीकाराम जूली नेता प्रतिपक्ष

जयपुर : *पैदल मार्च में जाते पूर्व सीएम अशोक गहलोत। हालांकि वे ज्यादा दूर नहीं गए। (फोटो : संजय कुमावत)*

पंजाब केसरी
THU,14 AUGUST 2025
EDITION: JAIPUR, PAGE NO. 10

चुनाव आयोग के विरुद्ध राहुल गांधी के अभियान को कैसे देखें

राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर अब तक का सबसे बड़ा हमला किया है। उन्होंने 1 घंटे 11 मिनट के अपने वक्तव्य में बाजाब्ता 21 पृष्ठ का पावर प्वाइंट प्रैजेंटेशन दिया। उन्होंने साबित करने की कोशिश की कि चुनाव आयोग भाजपा की मदद करने के लिए मतदाता सूची में जबरदस्त गड़बड़ी करता है और जहां भाजपा को चुनाव हारना चाहिए वहां मतदाताओं की फर्जी संख्या के आधार पर जीत दिला देता है।

उन्होंने चुनाव आयोग के खिलाफ एक बड़ी लड़ाई छेड़ने की शुरुआत की है तथा कांग्रेस पार्टी जगह-जगह प्रदर्शन कर रही है। कांग्रेस ने एक वैब पोर्टल शुरू किया जिस पर उनके समर्थक पंजीकरण करा सकते हैं और निर्वाचन आयोग से कथित वोट चोरी के खिलाफ जवाबदेही की मांग कर सकते हैं तथा डिजिटल मतदाता सूची की मांग का समर्थन कर सकते हैं। विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन से भी उन्हें समर्थन मिला है। प्रश्न है कि क्या राहुल गांधी ने जो आरोप लगाए उन्हें उसी के अनुसार स्वीकार कर लिया जाए?

उन्होंने कर्नाटक के सैंट्रल बेंगलुरु या मध्य बेंगलुरु के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र का आंकड़ा सामने रखा है। उनका आरोप था कि हम पांच विधानसभा क्षेत्र में जीत रहे थे और एक में भाजपा का वोट बढ़ गया और हम हार गए। दोनों पार्टियों को मिले वोटों का अंतर सिर्फ 32,707 था। जब महादेवपुरा की गणना हुई तो दोनों पार्टियों के बीच वोट का अंतर 1,14,046 का रहा। तो 1 लाख से ज्यादा वोटों की चोरी हुई।

उन्होंने महाराष्ट्र और हरियाणा दोनों जगह भाजपा की बढ़त के लिए चुनाव आयोग को ही जिम्मेदार ठहरा दिया है। जैसा सैंट्रल बेंगलुरु के बारे में राहुल गांधी बता रहे हैं ठीक वैसा ही महाराष्ट्र के धुले लोकसभा में भाजपा के साथ हुआ। चार विधानसभा में भाजपा आगे थी लेकिन मालेगांव की एक विधानसभा में एकमुश्त कांग्रेस को 1 लाख 94 हजार मत मिले और भाजपा लगभग 4000 से हार गई।

तो क्या भाजपा कहे कि चुनाव आयोग ने वहां फर्जी मतदाता बनाकर वोट डलवा दिया है? चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के आरोप पर एक फैक्ट चैक भी जारी किया। इसके अनुसार कोई भी मतदाता या राजनीतिक दल 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से किसी

अवधेश कुमार

की भी मतदाता सूची को डाऊनलोड कर सकता है। सच है कि आप चुनाव आयोग के मतदाता वाले लिंक पर जाएं तो कहीं की भी मतदाता सूची आपके पास पी.डी.एफ. में उपलब्ध हो जाएगी। यह बात समझ से परे है कि जब लिंक उपलब्ध है तो राहुल गांधी किस आधार पर आरोप लगा रहे हैं कि हमें डिजिटल प्रारूप नहीं देता है? साफ तौर पर आप गलत हैं।

जिन मतदाताओं का नाम लेते हुए उन्होंने कई बार वोट देने की बात कही उसके तथ्य भी सामने आए हैं। कर्नाटक के मुख्य चुनाव अधिकारी ने राहुल गांधी को लिखे पत्र में कहा है। आपका शकुन रानी के डबल वोट करने का दावा गलत है। आपने कहा था कि यह आयोग का डेटा है। जांच में पता चला कि प्रैजेंटेशन में दिखाया गया टिक मार्क वाला दस्तावेज मतदान अधिकारी ने जारी नहीं किया था। शकुन रानी ने साफ कहा कि उन्होंने सिर्फ एक बार वोट डाला। ऐसे में आप हमें वो दस्तावेज और सबूत दें, जिसके आधार पर आपने यह दावा किया है।

राहुल गांधी ने तीन सदस्यों वाले एक परिवार का जिक्र किया। ये हैं, ओम प्रकाश, उनकी पत्नी सरस्वती और बेटी माला। वे ऑन कैमरा बता रहे हैं कि इस क्षेत्र में आने के बाद उन्होंने महादेवपुरा में दो बार मतदान किया है। इसके पहले वह विजयनगर में रहते थे। आदित्य श्रीवास्तव के बारे में उन्होंने महादेवपुरा, लखनऊ और मुंबई तीन जगह मतदाता होने का आरोप लगाया। आदित्य श्रीवास्तव ने कहा है कि वह लखनऊ में रहते थे तो वहां मतदाता थे, मुंबई में नौकरी करने गए तो वहां और जब बेंगलुरु आ गए तो यहां के मतदाता बने।

वह कभी दूसरी, तीसरी जगह मतदान करने नहीं गए। एक मकान में ज्यादा संख्या में भी लोगों के नाम हो सकते हैं। कई बार गांव, शहर से लोग दूसरे शहर में जाते हैं उनके पास स्थाई पता नहीं होता, किराए के मकान बदलते रहते हैं तो किसी परिचित आदि के मकान का नंबर देकर मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड बनवाते हैं। मकान बदलते हुए भी उसी को बनाए रखते हैं क्योंकि उनके पास कोई स्थायी पता नहीं हो पता। राहुल गांधी या उनके लोगों को इसका अगर आभास नहीं है तो कुछ नहीं कहा जा सकता।

ऐसा नहीं कहा जा सकता कि भारत में फर्जी मतदान बिल्कुल नहीं होते या कोई मतदाता दो-तीन जगह मतदाता सूची में कहीं नहीं हो सकता। अपवाद स्वरूप कई बार कोई मतदाता अपना गांव या शहर छोड़ता है तो दूसरी जगह मतदाता बनने के बावजूद पहले का कैंसिल नहीं करवा पाता। हो सकता है इनमें से कुछ एक जगह मतदान करते हो और पुरानी जगह अवसर मिल गया तो वहां भी।

चुनाव आयोग संवैधानिक संस्था है । वह न सड़कों पर उतर सकती है और न विधानसभा या संसद में लगाए आरोपों का जवाब दे सकती है। आयोग ने राहुल गांधी कोक्ष निर्वाचन नियम 20(3)(b) के तहत शपथपत्र देने को कहा है। अगर आप आरोप लगाते हैं तो शपथ पत्र देना चाहिए ताकि नियमपूर्वक उसकी जांच की जाए। राहुल गांधी कह रहे हैं कि उनकी बात ही शपथ है, उन्होंने लोकसभा में शपथ ली तो इससे बड़ी शपथ क्या हो सकती है?

जरा सोचिए, कोई सांसद किसी पर अपराध का आरोप लगाए तो क्या वह थाने में प्राथमिकी दर्ज नहीं कराएगा? क्या न्यायालय में जाने पर वह शपथ पत्र नहीं देगा? आरोप लगाने वाले ने संविधान के तहत शपथ ली है तो उन्हें एक संवैधानिक संस्था को निर्धारित नियमों के अनुरूप अपने हस्ताक्षर के साथ लिखित आरोप देना चाहिए तभी जांच संभव होगी। राहुल गांधी ऐसे आरोप लगा रहे हैं मानो भाजपा का जनाधार ही नहीं हो।

awadheshkum@gmail.com

चुनाव आयोग का संदेह के घेरे में होना चिन्ता का विषय है-पायलट

सचिन पायलट प्रदेश मुख्यालय से शहीद स्मारक पैदल मार्च में कांग्रेस के प्रमुख नेताओं के साथ शामिल हुए

- पैदल मार्च के बाद मीडिया से बात करते हुए पायलट ने कहा कि निर्वाचन आयोग इस लोकतंत्र की आत्मा है। उसको सुरक्षित रखना उसकी संवैधानिक जिम्मेदारी है। आयोग पर जब भी सवाल उठते हैं, तब आप जवाब देने के बजाय नोटिस देना चाहते हैं।

"वोट चोरी" के मुद्दे को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने बुधवार को राजधानी जयपुर में कांग्रेस मुख्यालय से शहीद स्मारक तक पैदल मार्च निकाला। इस मार्च में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट, प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित कांग्रेस के विधायक एवं पीसीसी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुये।

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 13 अगस्त। राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं एआईसीसी महासचिव सचिन पायलट ने कहा कि "निर्वाचन आयोग की स्वतंत्रता और पारदर्शिता संदेह के घेरे में होना देश के लिए बहुत बड़ी चिंता का विषय है। जब प्रमाण के साथ गड़बड़ी दिखाने के बाद भी निर्वाचन आयोग चुप्पी साधे हुए है तो इसका मतलब दाल में कुछ काला है और कुछ छुपाने की कोशिश की जा रही है। पायलट ने वोट चोरी के मुद्दे को लेकर बुधवार को प्रदेश कांग्रेस द्वारा जयपुर में आयोजित पैदल मार्च के दौरान मीडिया से बातचीत में यह बात कही।

ज्ञात रहे कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के द्वारा उठाये गये वोट चोरी के मुद्दे को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने बुधवार को राजधानी जयपुर में पैदल मार्च निकाला। जिसे इन्होंने "वोट चोर-गद्दी छोड़" पैदल मार्च नाम दिया।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से शहीद स्मारक तक निकाले गए इस पैदल मार्च में प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, एआईसीसी के महासचिव एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित, कांग्रेस के विधायक एवं विधायक प्रत्याशी, पीसीसी पदाधिकारी और कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता शामिल हुये।

पायलट ने कहा कि मतदाता सूची मांगी जा रही हैं लेकिन आयोग देने को तैयार नहीं है। सीसीटीवी फुटेज नष्ट करने की बात की गई, क्योंकि आप प्रमाण नष्ट करना चाहते हैं। राहुल गांधी ने जब चोरी पकड़ ली है, उसके बाद निर्वाचन आयोग कुछ नहीं बोल रहा। भाजपा आगे आकर बचाव कर रही है। इसको क्या अधिकार है? वो राजनैतिक पार्टी है। निर्वाचन आयोग इस लोकतंत्र की आत्मा है। लोकतंत्र को सुरक्षित रखना उसकी संवैधानिक जिम्मेदारी है। निर्वाचन आयोग पर जब भी सवाल उठते हैं, तब आप जवाब देने के बजाय नोटिस देना चाहते हैं।

पायलट ने कहा कि गुरुवार को कैंडल मार्च होगा। देशभर में आंदोलन होंगे। कल दिल्ली में जो बैठक हुई, उसमें निर्णय लिया गया है कि यह मुद्दा किसी एक पार्टी का नहीं है। यह देश के लोकतंत्र को सुरक्षित रखने का है।

पैदल मार्च को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि वोटों की चोरी से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बन रही है। पूरे देशभर में भाजपा ने वोट चोरी के माध्यम से सत्ता हासिल की है।

Cong launches statewide protest from Jaipur against 'vote theft'

TIMES NEWS NETWORK

Pics: Arvind Sharma

Former CM Ashok Gehlot speaks to media in the city Wednesday. LOP Tikaram Jully, former deputy CM Sachin Pilot, and PCC chief Govind Singh Dotasra walk with protesters. Traffic chaos on MI Road due to the protest march

Jaipur: In a spirited demonstration Wednesday, Congress workers, including a significant number of women, took to the streets chanting slogans like "Vote Chor, Gaddi Chhod" and "Rahul Gandhi Zindabad."

The march, which started from the party's state headquarters near Chandpole and concluded at Shaheed Smarak on MI Road, was to support allegations of "vote theft" made by Rahul Gandhi against the Election Commission of India (ECI).

Carrying hundreds of national and party flags, banners and placards, the protest saw volunteers actively distributing leaflets explaining its purpose. Congress state president Govind Singh Dotasra led the charge, asserting, "Today we began a state-level protest after Gandhi provided evidence of vote manipulation, not just allegations. We will continue demonstrations at district and local levels."

Dotasra accused the ECI of denying data requests related to BJP's electoral victories in various constituencies, stating, "BJP's wins in Jaipur Rural, Bhilwara, Rajsamand and in bypolls like Jhunjhunu, Ramgarh and Deoli-Uniara followed a clear pattern — missing names of voters who traditionally support Congress."

The protest saw a large turnout of party workers, bolstered by the presence of senior politicians, including former CM Ashok Gehlot, opposition leader Tikaram Jully and Tonk MLA Sachin Pilot, showcasing unity within the party's state leadership. The demonstration followed Gandhi's recent detention during a march in Delhi.

Gehlot remarked, "The protests in Delhi sent a nationwide message about vote theft. This protest is to protect democracy and will continue until the election commission provides the requested data." Other leaders echoed the sentiment.

चुनाव आयोग द्वारा "मृत" घोषित वोटर राहुल से मिले

राहुल गांधी ने तंज कसा, मृत लोगों के साथ चाय पीने के अनुभव के लिए आयोग का धन्यवाद

नयी दिल्ली, 13 अगस्त। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर तंज कसते हुए कहा है कि उसके कारण उन्हें मृत लोगों के साथ चाय पीने का अनुभव हुआ है।

गांधी ने बिहार में मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया में कथितरूप से मृत घोषित लोगों के साथ फोटो खिंचवाने और चाय पीने के बाद, आयोग पर इस तरह का तंज कसा है।

गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, जीवन में बहुत दिलचस्प अनुभव हुए हैं, लेकिन कभी मृत लोगों के साथ चाय पीने का मौका नहीं मिला था। इस अनोखे अनुभव के लिए, धन्यवाद चुनाव आयोग।

कांग्रेस ने एक बयान में कहा, बिहार के उन सात मतदाताओं के साथ पार्टी नेता राहुल गांधी चाय पी रहे हैं, जो चुनाव आयोग मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत मृत घोषित हैं। चुनाव आयोग की एसआईआर सूची में उन्हें 'मृत' बताया गया है।

कांग्रेस ने कहा, इससे स्पष्ट है कि बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण में भी कोई बड़ा खेल चल रहा है।

पार्टी ने कहा कि चुनाव आयोग ने मृत, प्रवासी आदि घोषित लोगों की सूची सार्वजनिक रूप से प्रकाशित नहीं की है।

ज़मीनी स्तर पर हमारी टीमें इन लोगों की पहचान केवल इसलिए कर पायीं, क्योंकि वे अनौपचारिक रूप से दो-तीन मतदान केन्द्रों में चुनाव आयोग की आंतरिक जानकारी प्राप्त करने में कामयाब रहीं। ये सात मतदाता उस निर्वाचन क्षेत्र के दो-तीन मतदान केन्द्रों में अन्यायपूर्ण तरीके से हटाए गए मतदाताओं का केवल एक छोटा सा हिस्सा हैं। यह कोई लिपिकीय त्रुटि नहीं है - यह स्पष्ट रूप से राजनीतिक मताधिकार का हनन है।

कांग्रेस ने कहा कि बेंगलुरु में वोट चोरी का पर्दाफाश होने के बाद, यह स्पष्ट है कि बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया में भी समझौता किया गया है, क्योंकि जीवित लोगों को मृत घोषित कर दिया गया है।

'चुनाव आयोग हमारे लोकतंत्र पर एक दाग है'

तमिलनाडु के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री पी. त्यागराजन ने यह भी कहा कि चुनाव आयोग एक तरफा विल खेलता है और एकदम नाकारा है

- डॉ. सतीश मिश्रा -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 13 अगस्त। आमतौर पर अनदेखा कर दिए जाने वाले मुद्दे पर आज तमिलनाडु के सूचना प्रौद्योगिकी और डिजिटल सेवाओं के मंत्री पलानीवेल त्यागराजन ने इलेक्शन कमीशन (ईसी) पर जबरदस्त हमला बोला और उसे अयोग्य तथा पक्षपाती करार दिया।

त्यागराजन ने कहा, ''चुनाव आयोग हमेशा कई तरीकों से एकतरफा खेल खेलता रहा है और अब तो यह साफ तौर पर दिख रहा है। एकतरफा रवैया समस्या का आधा या तीन-चौथाई हिस्सा है, और शेष हिस्सा उसकी घोर अयोग्यता एवं अक्षमता है। उसके बारे में जितना कम बोला जाए, उतना ही अच्छा है। यह हमारे लोकतंत्र पर एक दाग है।

त्यागराजन ने 2004 के आम चुनाव में ई सी के काम-काज का उदाहरण देते हुए कहा कि कम संसाधनों के बावजूद, उस समय चुनाव काफी कुशलता से कराए गए, जबकि आज जब तकनीक और संसाधन अधिक हैं, चुनाव आयोग की अयोग्यता और पक्षपात स्पष्ट रूप से नजर आ रही है। उन्होंने बैंगलोर सेंट्रल लोकसभा सीट के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में कथित तौर पर1,00,250 वोटों की चोरी को स्तब्ध कर देने चौंकाने वाला बताया।

यह बयान ऐसे समय आया है, जब राहुल गांधी ने महादेवपुरा क्षेत्र में चुनावी धांधली का आरोप लगाया है और कहा है कि 1 लाख से ज्यादा फर्जी वोट भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए बनाए गए।

> **त्यागराजन ने कहा, 2004 के चुनाव में तकनीक, मैन पावर, बजट सब कम था फिर भी 20 दिन में चुनाव सम्पन्न हो गए थे पर अब 3 महीने से ज्यादा समय लग रहा है, यह नाकारापन नहीं तो और क्या है।**

त्यागराजन ने कहा, ''2004 में तकनीक, जनशक्ति और बजट बहुत कम था। क्या आपको मालूम है कि पूरे लोकसभा चुनाव में कितना समय लगा था? पूरा लोकसभा चुनाव, पहले चरण से आखिरी तक, सिर्फ 20 दिन में पूरा हो गया था।

लेकिन अब, उसके 20 साल बाद, एक चुनाव कराने में, घोषणा से लेकर मतगणना तक, करीब तीन महीने लगते हैं यह साफ तौर पर भारी अक्षमता को दर्शाता है।''

उन्होंने कहा, ''आयोग को एक चुनाव के सारे कार्य संपन्न करने में तीन महीने लगते हैं। और यही सरकार एक देश, एक चुनाव की बात कर रही हैं। अगर 545 सीटों के चुनाव में तीन महीने लगते हैं, तो 'एक देश, एक चुनाव' कराने में इन्हें डेढ साल लगेंगे! उस स्थिति में अलग-अलग आचार संहिता की चिंता नहीं करनी पड़ेगी, क्योंकि हर पांच साल में डेढ साल तक तो चुनाव ही चलते रहेंगे। यह हास्यास्पद है।

त्यागराजन ने दावा किया कि इस तरह की अक्षमता चुनाव आयोग की विश्वसनीयता और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर कर रही है।

उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि वह विपक्षी दलों और आम जनता, दोनों को अंधेरे में रख रही है। साथ ही, उन्होंने भाजपा सरकार पर सी बी आई, आयकर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय और भारतीय स्टेट बैंक जैसी एजेंसियों के दुरुपयोग का भी आरोप लगाया।

त्यागराजन ने कहा, ''चुनाव आयोग एक खोखला ढांचा बन कर रह गया है। वे ठीक से फॉर्म 17 भी प्रकाशित नहीं कर पा रहे हैं। जैसे ही लोगों ने फॉर्म 17 और फॉर्म 20 के बीच की विसंगतियां दिखानी शुरू कीं, उन्होंने फॉर्म 17 प्रकाशित करना ही बंद कर दिया। चुनाव आयोग ने हर नियम को ढीला कर दिया है।

उन्होंने यह सवाल भी उठाया: ''भारत सरकार आचार संहिता के दौरान मनरेगा मजदूरी में बढ़ोतरी की घोषणा कर सकती है? यह कैसे संभव है कि एक तरफ तो चुनाव आयोह कहे कि तमिलनाडु के मंत्री अपने वाहनों और झंडों का इस्तेमाल नहीं कर सकते, लेकिन दूसरी तरफ, प्रधानमंत्री चुनाव प्रचार के लिए हेलिकॉप्टर में यात्रा कर सकते हैं? इसलिए चुनाव आयोग के बारे में जितना कम कहा जाए, उतना ही अच्छा है।

Voter's name appears six times in Palghar

Nisha.Nambiar
@timesofindia.com

Pune: A 39-year-old voter's name was found appearing six times in the electoral roll of Maharashtra's Palghar district, prompting collector Indu Jakhar to order a probe. The name appeared five times in one polling booth and once in another booth in the same assembly constituency. The duplication, flagged by activists on social media, led the state chief electoral officer to alert the collector. The CEO's office convened a special meeting and sought detailed information on the process undertaken to resolve the issue. "We have sought a report at the earliest," said a senior official of the CEO's office. Jakhar told **TOI** that the process to delete the duplicate entries was under way. Deputy election officer Tejas Chavan explained the circumstances that led to the duplication. In Nalasopara constituency in the same district, the voter filed form No. 6 online in Jan 2024 to get her name registered. "Believing that the EPIC would be issued immediately after submission of the form, she inadvertently submitted it six times," he said. The district administration issued a statement, saying: "The district election officer and district collector, Palghar, have directed all agencies to carry out strict checks and eliminate duplicate entries in the upcoming voter list revision programme."

SC: Voter list can't be static, must be revised periodically

▶ Continued from P 1

It can't be argued that there is complete absence of power with EC to conduct special revision of electoral rolls. The law says it can be done constituency-wise and in such a manner as EC deems proper," the bench said.

West Bengal, through senior advocates Sankaranarayanan and Kalyan Banerjee, raised the issue of SIR being conducted without mandatory consultation with state govt. The bench said the state's challenge to SIR can wait till the adjudication of the petition against the revision of Bihar's electoral rolls.

Senior advocate A M Singhvi attempted to persuade the court to allow the 2003 list, with additions as of the last general elections, to be the electoral roll for the upcoming Bihar elections. "No one is against SIR, if it is conducted in Dec 2025 and the exercise takes a year," he said.

The bench disagreed. "Instead of seven documents specified earlier for revision of electoral rolls, EC has expanded it to 11 documents. It shows the exercise is voter friendly and not exclusionary," said the justices.

